(b) If so, what are the names of those State Assemblies?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI MUFTI MOHAMMAD SAYEED) : (a) and (b) At present there is no proposal to impose President's rule under article 356 of the Constitution in some States and to dissolve the Legislative Assemblies.

श्रीनगर में गृह मंत्री की पुत्री का अपहरण

203. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) श्रीनगर में गृह मंत्री की पुत्री के अपहरण के उद्देश्य में पूरे तथ्य क्या हैं ;

(ख) इसके पीछे किस आतंकवादी संगठन का हाथ है, उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस घटना के जिम्मेदार आतंकवादियों से निपटने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

गृह मंत्री (श्री मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार डा० रूबिया सईद का अपहरण 8-12-1989 को अपराह्न 4.00 बजे के लगभग हुआ। डा० रूबिया अपराह्न 3.30 बजे के लगभग लाल दाद अस्पताल से पैदल चली और नजदीक ही एक मिनी बस नम्बर जे०के०एफ० 697 में चढ़ी। उस समय बस में लगभग 20 यात्री थे जिनमें कुछ अपहरणकर्ता भी थे। नौगाम से एक किलोमीटर पहले जब बस बाई-पास पर पहुंची तो इसमें डा० रूबिया सहित केवल चार यात्री रह गए। उस स्थान पर बस में यात्रा कर रहे 3 उग्रवादियों ने ड्राइवर को हथियारों से डराकर बस रोकने के लिए मजबूर किया। डा० रूबिया को बाहर लाया गया और एक नीले रंग की मारुति कार जो बस का पीछा कर रही थी में बैठाकर ले जाया गया। अपहरण के बाद ड्राइवर जिसे धमकी दी गई थी अपने रास्ते पर आगे निकला और उसने इसके बारे में किसी से कुछ नहीं कहा।

राज्य सरकार ने कुछ मध्यस्थों के मार्फत अपहरणकर्ताओं के साथ बातचीत की। और डा० रूबिया सईद को अन्ततः 14 तारीख की शाम को लगभग 7.30 बजे उसके परिवार को सौंपा गया।

(ख) इस अपहरण में जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के अन्तर्ग्रस्त होने का संदेह है।

(ग) राज्य सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए कदम उठाए हैं। केन्द्र सरकार, जब कभी भी अनुरोध किया जाता है उन्हें अर्द्ध-सैनिक बलों इत्यादि की सभी सहायता देती है।

दूरदर्शन के कार्यक्रमों में परिवर्तन

203. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :**
श्रीमती वीणा वर्मा :
श्री कपिल वर्मा :
श्री कमल मोरारका :
श्रीमती सूर्यकांता जयवंतराव पाटील :
श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर :
श्री छोटे भाई पटेल :
श्री रऊफ वली-उल्लाह :
श्री रजनी रंजन साहू :
श्री सोहन लाल धूसिया :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 10 दिसम्बर, 1989 को टी०वी० पर दिखाई जाने वाली फिल्म "मिली" के स्थान पर एक अन्य फिल्म "मंगरूर" दिखायी गई; यदि हां, तो उसके क्या कारण थे;

(ख) क्या यह भी सच है कि हिन्दी धारावाहिक "चित्रहार" जिसे प्रत्येक रविवार को दूरदर्शन पर दिखाया जा रहा है, 10 दिसम्बर, 1989 को नहीं